शुभ दीपावली
रूप चौदस
शनिवार, 7 नवंबर 2026

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

इंदौर | वर्ष-22 • अंक-144 — निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता — मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12 | epaper.cityblast.in



आज सजने संवरने का दिन रूपचौदस

शनिवार। पांच दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन आज देशभर में रूपचौदस मनाई जाएगी। कल धनतेरस पर बाजारों में देर रात तक खरीददारी हुई। लगभग कल ही दीवाली देशभर में मनाई जाएगी। आज रूपचौदस पर सजने-संवरने के लिए कई जतन किए जा रहे हैं। उबटन लगाकर शरीर को निखारा जा रहा है।

शाम को जगमगा उठेगी अयोध्या नगरी

अयोध्या ● एजेंसी

अयोध्या में आज विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा, सरयू के 56 घाटों पर 30 लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामदरबार में भगवान श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके लिए 35 हजार स्वयंसेवकों ने तैयारी की है। आज सुबह से दीयों में तेल और बाती डाली जा रही है। जिस प्रकार त्रेतायुग में जब भगवान राम वनवास पूरा कर लौटे थे उसी तर्ज पर आज रामकथा पार्क में सजे रामदरबार में राजतिलक किया जाएगा।

आधी रात को भिड़े भाजपा और टीएमसी समर्थक

कोलकाता.एजेंसी। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के घर पर आधी रात को हंगामा होने की खबर सामने आई है। अभिषेक ने भाजपा समर्थकों पर पत्थरबाजी और फायरिंग का आरोप भी लगाया है। मौके पर पुलिस बल भी पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को रोकने की कोशिश की।

पुलिस चौकी में ब्लास्ट

गाजियाबाद.एजेंसी। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित वसुंधरा पुलिस स्टेशन में बीती रात जोरदार धमाका हो गया। इस धमाके की वजह से पुलिस चौकी के खिड़कियों के शीशे टूट गए और एक दीवार में भी हल्की दरार आ गई।

न्यूजीलैंड की आधी टीम लौटी

वैलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे वन-डे मैच में न्यूजीलैंड की शुरुआत बिगड़ गई। महज 23 रन के स्कोर पर तीसरा विकेट टीम ने गंवाया। खबर लिखे जाने तक न्यूजीलैंड का स्कोर 70 रनों पर 5 विकेट हो गया है।













पूर्व विधायक ने दी श्रद्धांजलि



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देवास जिले के थाना प्रभारी दिलीप पुरी की विगत दिनों हत्या कर दी गई थी। शहीद हुए थाना प्रभारी दिलीप पुरी के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सामाजिक और राजनीतिक लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, मदन परमालिया एवं अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, शिवाजी मोहिते, जगदीश जोशी, सुरेश चौधरी, मोहित जैन सहित अन्य मौजूद थे।

सांसद ने लिखा रीवा ट्रेन को रोजाना चलाने के लिए पत्र

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांसद कविता पाटीदार ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रीवा से भोपाल होकर डॉ. अम्बेडकर नगरी महू तक चलने वाली ट्रेन जो अभी तीन दिन सप्ताह में चल रही है उसे रोजाना करने के लिए पत्र लिखा है। सांसद ने पत्र में यह भी लिखा है कि ट्रेन के तीन दिन चलने से इस ट्रेन में वेटिंग बनी रहती है, इसलिए यात्रियों को समय पर आरक्षण नहीं मिल पाता है। इस ट्रेन के रोजाना चलने से 15 जिलों और उससे लगे हुए अन्य जिले के यात्रियों को ट्रेन की सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इधर सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप के आरएन मिश्रा ने बताया कि लगातार इस ट्रेन को रोजाना करने की मांग कर ग्रुप द्वारा ज्ञापन भी दिया गया है।













विजयवर्गीय पहले अपनी दुकान पर बैठे फिर पहुंचे सराफा और बर्तन बाजार





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल धनतेरस के पर्व की अपनी परम्परा निभाई। पहले अपनी किराना काकीजी की दुकान नन्दानगर में बैठे वहां सामान भी उन्होंने विक्रय किया। रात को मंत्री विजयवर्गीय परम्परागत रूप से सराफा, बजाजखाना, बर्तन बाजार पहुंचे। मंत्री ने दुकानदारों को नाम ले लेकर बुलाया। रास्ते में भीड़ भी उनसे मिलती रही, उन्हें भी नाम ले लेकर उनसे चर्चा की। भीड़ में भी चेहरों को नामों से पहचाने की विशेषता विजयवर्गीय दिखा रहे थे। वहीं खजूरी बाजार स्थित रेडिमेड की दुकानों पर भी विजयवर्गीय पहुंचे थे। इंदौर रिटेल गारमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन से भी उन्होंने मुलाकात की। राजवाड़ा स्थित महालक्ष्मी मंदिर में भी मुलाकात की और जब वे बजाजखाना चौपाटी पर परिवार के साथ पहुंचे तो वहां भी उन्होंने व्यंजनों का लुत्फ लिया और पेटपूजा भी की और हंसी मजाक भी इस दौरान चलती रही।

दिग्विजय सिंह समर्थक ने भी की विजयवर्गीय से मुलाकात



विजयवर्गीय जब सराफा पहुंचे तो वहां ज्वेलर्स और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से जुड़े कांग्रेस नेता नासिर खान ने भी विजयवर्गीय का स्वागत किया और विजयवर्गीय ने भी कांग्रेस नेता को पूरा सम्मान दिया।

सांसद और विधायक भी मध्य क्षेत्र के बाजारों में पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल धनतेरस पर राजवाड़ा से लेकर क्लॉथ मार्केट तक के मध्य क्षेत्र के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रहती है और शाम को रोशनी देखने भी शौकीन पहुंचते हैं, ऐसे में भीड़ के साथ रहने के आदी



हो चुके राजनेताओं को भी भीड़ में पहुंचने की ललक रहती है। कल जहां मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने परिवार के साथ इन बाजारों में शिरकत की वहीं सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि जिनमें पार्षद भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

भाजपा नेता ने बनाए 14 चांदी के सिक्के



विधायक गोलू शुक्ला को उपहार में मिला पत्नी के साथ चित्र वाला चंदी का सिक्का

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नेता और सराफा ज्वेलर्स निर्मल वर्मा घुंघरू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दुकान पर चांदी के 14 सिक्के बनाए। यह सिक्के आकर्षण का केन्द्र रहे। कल भाजपा के राजनेता भी सराफा पहुंचे थे उन्हें भी यह 14 सिक्के निर्मल वर्मा ने 2104 से 2027 तक 20 ग्राम चांदी के सिक्के बनाए। विधायक गोलू शुक्ला जब निर्मल वर्मा की



दुकान पर पहुंचे तो वर्मा ने शुक्ला को उनकी धर्मपत्नी मुग्धा शुक्ला के साथ के चित्र वाला चांदी का सिक्का भेंट किया। शुक्ला गदगद हो गए कि उनके और उनके साथ पत्नी के चित्र वाला चिक्का उन्हें धनतेरस के दिन तोहफे में मिल गया।

दिलजीत के शो में आ गई एक और नई मुसीबत

महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी जारी कर दिया नोटिस

इंदौर। इंदौर में आयोजित होने वाले दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम पर एक और नई मुसीबत आ गई है। अब जिला प्रशासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस आयोजन के मैनेजर के नाम पर नोटिस जारी कर दिया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग को डॉ. पंडित राव धारेनावर के द्वारा यह शिकायत की गई थी कि दिलजीत दोसांझ के द्वारा अपने कार्यक्रम में अलग-अलग स्थान पर जिन गानों का प्रदर्शन किया जाता है, उसमें 'पटियाला पैग', '5 तारा ठेके', 'जीभ विचों अफीम लभिया' और 'जट्ट उत्ते फायर करदा' जैसे गाने शामिल हैं, जिनमें हथियारों का महिमामंडन किया गया है। यह गाने बच्चों पर विपरीत असर डालते हैं उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा के द्वारा पारित किए गए आदेश में इस तरह के गाने के प्रयोग सार्वजनिक कार्यक्रम में किए जाने पर आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के मद्देनजर इंदौर में 15 नवम्बर को होने जा रहे इस कार्यक्रम में इन सभी गानों की प्रस्तुति पर रोक लगाई जाए। इस शिकायत के आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी के द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन के मैनेजर को नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस में कहा गया है कि आप यह सुनिश्चित करे कि इंदौर में 15 नवम्बर के कार्यक्रम में इन गानों की प्रस्तुति नहीं होना चाहिए।

ध्यान रहे कि दिलजीत के पिछले शो के दो करोड़ रुपये का मनोरंजन कर इंदौर नगर निगम का बाकी है इंदौर नगर निगम के द्वारा भी इस टैक्स की राशि को प्राप्त करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। निगम की ओर से कार्यक्रम के आयोजकों से कहा गया है कि पहले पुराना टैक्स चुकाओ उसके बाद नए कार्यक्रम की अनुमति देंगे। अभी यह समस्या इस शो के आयोजकों के समक्ष मौजूद है और उसी बीच नई समस्या भी आ गई है।

रणदिवे अपने निवास पर करेंगे दीपावली मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे कल दीपावली पर भी अपने निवास और शहर में रहेंगे और दीपावली के एक दिन बाद सोमवार को सुबह 9 बजे से अपने निवास न्यू पलासिया पर मुलाकात करेंगे। उक्त जानकारी रणदिवे के करीबी ऋषि खनूजा ने दी।

निशांत खरे को मिली प्रदेश कार्यालय की जिम्मेदारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की सहमति के बाद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरे को प्रदेश कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। इस नई जिम्मेदारी पर इंदौर के अलावा प्रदेश भर के कई भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

भाजपाइयों ने किया सेवाकार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था हिन्द के बैनर तले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सागर कसेरा ने जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर सेवाकार्य करते हुए उन्हें नए वस्त्र, मिठाई और उपहार वितरित किए और कहा कि वे दिवाली अच्छे से मनाएं। कसेरा ने कहा कि उनका उद्देश्य यही है कि कोई भी बच्चा दिवाली की खुशियों से वंचित ना रहे। इस दौरान सागर कसेरा, अशोक चौहान, गोविंदसिंह पंवार, पराग कौशल, ऋषि कसेरा, वंश रघुवंशी, हर्षित निमाड़े, दीपेश कौशल, आयुष शुक्ला, दिशांत सोनी, साहिल आर्य, अर्क बाजपेयी सहित अन्य उपस्थित थे।



कांग्रेस अध्यक्ष भी लम्बे समय तक बाजारों में रहे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

धनतेरस पर कल जहां मध्य क्षेत्र के बाजारों में जमकर भीड़ देर रात तक उमड़ी यही स्थिति अन्य बाजारों की भी बनी रही। खासतौर से कल सराफा, बर्तन बाजार में भीड़ की रेलमपेल थी, ऐसे में हर कोई भाजपा और कांग्रेस नेता यहां पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे थे। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, मधुसूदन भलिका सहित अन्य कांग्रेसी गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सराफा, बर्तन बाजार, रेडिमेड मार्केट, सीतलामाता बाजार, बजाज खाना पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों के साथ आम लोगों से भी मुलाकात की।



दीपावली के अगले दिन सुबह 4 बजे से शुरू होगा सफाई अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के द्वारा दीपावली के अगले दिन साफ सफाई की व्यवस्था के लिए अलग योजना तैयार की गई है। इस योजना के अनुसार इस दिन सुबह 4:00 बजे से पूरे शहर में सफाई अभियान शुरू होगा। इसमें खास तौर पर कॉलोनी, मोहल्ला, बस्ती से पटाखे के कचरे को उठाने का लक्ष्य रखा गया है।

दीपावली की रात में लक्ष्मी पूजन के बाद पटाखे फोड़ने की परंपरा है। इसके चलते हुए नागरिकों के द्वारा जमकर आतिशबाजी की जाती है। यह आतिशबाजी सड़क पर होती है और उसका कचरा भी सड़क पर फैल जाता है। ऐसी स्थिति में इंदौर नगर निगम के द्वारा दीपावली के अगले दिन की जाने वाली साफ सफाई के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। इस योजना के अनुसार सुबह 4:00 बजे से ही पूरे शहर को साफ सुथरा और चकाचक करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस संबंध में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा सिटी बस ऑफिस में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंघल ने दीपावली पर्व के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों, चौराहों, कॉलोनियों एवं बस्तियों में आतिशबाजी और उत्सव के पश्चात निकलने वाले कचरे का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। दीपावली के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी बाजार लगते हैं तथा आतिशबाजी के बाद बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है।

कॉलोनी, मोहल्ला, बस्ती से पटाखे के कचरे को उठाने का लक्ष्य

इस कचरे की सफाई के अभियान के अंतर्गत नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर के प्रमुख मार्गों, आई डब्ल्यू एम की टीम बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई कार्य करेगी। सफाई मित्रों के साथ मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से पटाखों के अवशेष, कागज, डिब्बों तथा अन्य कचरे का त्वरित निस्तारण किया जाएगा, ताकि शहर की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को शीघ्र स्वच्छ बनाया जा सके। इस अभियान पर नजर रखने के लिए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को भी सुबह जल्दी मैदान में निकलने के लिए निर्देशित किया गया है। इन अधिकारियों से कहा गया है कि वह लगातार भ्रमण करते हुए सफाई की स्थिति का जायजा लें। साथ ही निगम के वर्कशॉप विभाग को अतिरिक्त वाहन, मशीनरी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

700 करोड़ रुपए जलकर बकाया 1.75 लाख अवैध नल कनेक्शन से राजस्व वसूली की तैयारी

21 दिन में कनेक्शन करवाएं वैध वरना कटेगा कनेक्शन

इंदौर। नगर निगम के खजाने पर जलकर की बकाया राशि का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर में करीब 700 करोड़ रुपए जलकर बकाया है, लेकिन निगम का राजस्व अमला इसकी वसूली में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पा रहा है। अब इस आर्थिक संकट से निपटने के लिए निगम ने पानी के अवैध कनेक्शनों को राजस्व के दायरे में लाने की तैयारी की है। इसके लिए शहर में 21 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। निगम का लक्ष्य करीब 1.75 लाख अवैध नल कनेक्शनों को वैध करना है, ताकि पानी की चोरी रुके और हर उपभोक्ता से जलकर वसूला जा सके।

शहर में वर्तमान में करीब 3.15 लाख वैध नल कनेक्शन हैं, जबकि 1.75 लाख कनेक्शन अवैध बताए जा रहे हैं। यानी बड़ी संख्या में लोग नर्मदा का पानी इस्तेमाल तो कर रहे हैं, लेकिन इसके बदले नगर निगम को कोई जलकर नहीं दे रहे। दूसरी ओर निगम को नर्मदा का पानी लाने, शुद्ध करने और घरों तक पहुंचाने में भारी खर्च करना पड़ता है। ऐसे में अवैध कनेक्शन निगम के राजस्व को दोहरा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

2500 और 6000 रुपए में होंगे वैध

निगम ने कनेक्शन नियमित करने के लिए दरें भी तय की हैं। शहर की मलिन बस्तियों में अवैध नल कनेक्शन को 2500 रुपए और सामान्य कॉलोनियों में 6000 रुपए देकर वैध कराया जा सकेगा। इससे पहले करीब तीन साल पूर्व चलाए गए अभियान में 25 हजार अवैध कनेक्शन वैध किए गए थे। अब नए अभियान से निगम को इससे कहीं अधिक कनेक्शन नियमित होने की उम्मीद है।

65 करोड़ की सालाना आय, 700 करोड़ बकाया

नगर निगम को हर साल जलकर से लगभग 65 करोड़ रुपए का राजस्व मिलता है, जबकि बकाया राशि करीब 700 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। यह स्थिति बताती है कि जलकर वसूली में निगम का सिस्टम कितना कमजोर है। नए कनेक्शनों को वैध करने के साथ पुराने बकायादारों से वसूली भी बड़ी चुनौती होगी।

अब वैध उपभोक्ताओं को प्राथमिकता

निगम की योजना है कि नियमित बिल जमा करने वाले और वैध कनेक्शनधारियों को पानी की आपूर्ति में प्राथमिकता दी जाए। साथ ही अवैध कनेक्शन और पानी की चोरी पर कार्रवाई हो। अब 21 दिन का अभियान निगम के लिए राजस्व बढ़ाने और जल वितरण व्यवस्था सुधारने की बड़ी परीक्षा साबित होगा।

जैन समाज के समाजसेवी का देह दान

इंफेक्शन के कारण नेत्र और त्वचा का दान नहीं हो सका संभव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

धनतेरस के त्यौहार के मौके पर क जैन समाज के समाजसेवी का देहदान किया गया। शरीर में इंफेक्शन हो जाने के कारण नेत्र और त्वचा का दान संभव नहीं हो सका।

जूना पीठा निवासी 75 वर्षीय अभय कोठारी अपने जीवन में अंग एवं एवं देहदान का भाव रखते थे जिन्हें उनकी मृत्यु के उपरांत उनके बेटे सुमित कोठारी एवं परिवार जनों ने उनकी देह को चिकित्सा शिक्षा के लिए समर्पित किया।मानव सेवा केवल जीवनकाल तक सीमित नहीं होती, बल्कि अंग एवं देहदान के माध्यम से मृत्यु के पश्चात भी समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य योगदान दिया जा सकता है।

श्वेतांबर जैन समाज के वरिष्ठ अभय कुमार जैन का निधन कल दोपहर 2:15 बजे हुआ। शाम 5:00 बजे निवास स्थान से उनकी पार्थिव देह चिकित्सा शिक्षा के लिए आर.एन. कपूर आयुर्वेदिक कॉलेज, इंदौर को दान की गई। इसके पूर्व परिवार जनों की नेत्र एवं त्वचा दान हेतु स्वीकृति थी परंतु संक्रमण के चलते वह कार्य नहीं हो सका। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल के तहत जारी किए गए शासकीय आदेश अनुसार स्व. कोठारी के निवास स्थान पर अनेक समाज जनों की उपस्थिति में पार्थिव देह को इंदौर पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई। यह सम्मान समाज के लिए उनके अमूल्य योगदान और मानव सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।





चिकित्सा शिक्षा में देहदान का है काफी महत्व

देहदान चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य शिक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण आधार है। दान की गई देह के माध्यम से चिकित्सा विद्यार्थी मानव शरीर की संरचना का गहन एवं व्यावहारिक अध्ययन करते हैं। इससे भावी चिकित्सकों के प्रशिक्षण, शल्य चिकित्सा संबंधी ज्ञान तथा चिकित्सा अनुसंधान को महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है।एक व्यक्ति का देहदान अनेक भावी चिकित्सकों की शिक्षा का माध्यम बन सकता है, जिसका लाभ आने वाले वर्षों में असंख्य मरीजों तक पहुंच सकता है।

देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ी

पिछले मात्र सात दिनों में इंदौर में 8 देहदान संपन्न होना समाज में बढ़ती जागरूकता, परिवारों की संवेदनशीलता एवं चिकित्सा शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का उल्लेखनीय उदाहरण है। देहदान की इस प्रक्रिया में मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट, इंदौर के जीतू बगानी एवं संदीपन आर्य ने परिवारजनों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया संपन्न कराई।



5 जगह पर लगी सराफा चौपाटी

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। कल धनतेरस पर देर रात तक सराफा सहित अन्य बाजार खुले रहे। रात में सराफा पर लगने वाली चौपाटी की कुछ दुकानें अलग-अलग हिस्सों में लगी। कुछ दुकानें सीतलामाता बाजार, शकर बाजार, पिपली बाजार, बजाजखाना चौक और सांठा बाजार में नजर आईं। हालांकि कुछ दुकान होने के कारण इन्हीं दुकानों पर जमकर भीड़ रही। उल्लेखनीय है कि रोशनी देखने पहुंचे लोगों ने पेटपूजा कर उत्सव मनाया।

दीपावली के कारोबार में गिरावट से निराशा नहीं, आत्ममंथन की जरूरत -अक्षय जैन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। व्यापारी मंदी से लड़ना जानता है, लेकिन अब बाजार को ग्राहकी लौटाने की रणनीति बदलनी होगी। ऑनलाइन कारोबार की चुनौती, बदलती ग्राहक मानसिकता और बाजारों की सामूहिक ताकत पर विचार करना समय की मांग है।

दीपावली का त्योहार आते ही व्यापारियों की उम्मीदें भी रोशनी से भर जाती हैं। इस वर्ष भी बाजारों ने पूरी तैयारी की, दुकानों को सजाया, नए कलेक्शन उतारे और ग्राहकों के स्वागत में अपनी पूरी ताकत लगा दी। लेकिन पिछले वर्ष की दीपावली की तुलना में इस बार कारोबार में आई गिरावट ने व्यापारियों को निराश जरूर किया। बाजार में रौनक थी, लेकिन ग्राहकी और खरीदारी का उत्साह अपेक्षाओं के अनुरूप नजर नहीं आया। हालांकि, व्यापारी वह योद्धा है जो विपरीत परिस्थितियों से लड़ना जानता है। मंदी, प्रतिस्पर्धा और आर्थिक उतार-चढ़ाव उसके व्यवसायिक जीवन का हिस्सा हैं। इसलिए निराश होकर बैठने के बजाय अब आत्ममंथन करने का समय है।

हमें कुछ सवालों के जवाब तलाशने होंगे। क्या बाजारों में ग्राहकी का अभाव था या ग्राहक ने त्योहार पर खरीदारी से दूरी बना ली? क्या आम आदमी की क्रयशक्ति प्रभावित हुई है? क्या ऑनलाइन कारोबार ने परंपरागत बाजारों के हिस्से की ग्राहकी अपने कब्जे में ले ली है, या ग्राहक अब केवल सुविधाभोगी होकर घर बैठे खरीदारी करना चाहता है? यह भी समझना होगा कि आज का ग्राहक केवल कीमत नहीं, बल्कि सुविधा, विकल्प, गुणवत्ता, समय और भरोसा भी चाहता है। ऐसे में परंपरागत बाजारों को अपनी कार्यशैली, ग्राहक सेवा, उत्पादों की विविधता और प्रचार के तरीकों में बदलाव लाना होगा। केवल पुरानी व्यापारिक परंपराओं के भरोसे भविष्य का कारोबार सुरक्षित नहीं किया जा सकता। अब सामने लग्नसरा का सीजन है। यह व्यापारियों के लिए अपनी खोई हुई गति वापस पाने का अवसर भी है। वैवाहिक खरीदारी की बदलती पसंद, नए फैशन ट्रेंड, पारिवारिक जरूरतों और ग्राहकों के बजट को समझकर बाजार को नई दिशा देनी होगी। सबसे जरूरी है सामूहिक प्रयास। प्रत्येक व्यापारी यदि केवल अपनी दुकान की ग्राहकी बढ़ाने के बजाय पूरे बाजार की पहचान, विश्वसनीयता और आकर्षण बढ़ाने की सोच विकसित करे, तो परिणाम बेहतर हो सकते हैं। बाजारों में संयुक्त प्रचार, नए ऑफर, बेहतर ग्राहक अनुभव और आपसी सहयोग की रणनीति बनानी होगी।

समय बदल रहा है, ग्राहक बदल रहा है और कारोबार का तरीका भी बदल रहा है। ऐसे में बाजार को भी बदलना होगा। व्यापारियों को निराशा नहीं, आत्मचिंतन को अपनी ताकत बनाना होगा। बाजार की नब्ज पहचानकर ग्राहकी बढ़ाने और सामूहिक व्यापारिक विकास की दिशा में आगे बढ़ना ही आने वाले समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

कचरा ट्रांसफर स्टेशन की मशीन और वाहन भी ठेके पर देगा निगम

2 साल के लिए दिया जाएगा ठेका, अनुमानित खर्च 14 करोड़

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के द्वारा कचरा ट्रांसफर स्टेशन की मशीन और वाहन भी ठेके पर दिए जाएंगे। यह ठेका 2 साल के लिए दिया जाएगा और इसका संभावित खर्च 14 करोड रुपए है। अब तक तो नगर निगम के द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के कार्य को ठेके पर देकर निजी क्षेत्र के ठेकेदार के माध्यम से उनके संचालन और संधारण का कार्य करवाया जा रहा है। इस कड़ी में अब नगर निगम की ओर से एक और नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। इसके तहत निगम के द्वारा निजी क्षेत्र की एजेंसी को कचरा ट्रांसफर स्टेशन के उपकरण और वाहन के संचालन संधारण का कार्य ठेके पर देने की पहल की गई है। नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों की ओर से यह फैसला लिया गया है। यह ठेका 2 वर्ष के लिए दिया जाएगा। इसमें निगम को करीब 14 करोड रुपए का खर्च होने की उम्मीद है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जो भी निजी क्षेत्र का ठेकेदार इस ठेके को लेगा उसकी ओर से हम ऑफर मांगेंगे कि वह इस काम को कितनी राशि में करने के लिए तैयार है। जो ठेकेदार काम से कम राशि में इस काम को करने के लिए तैयार होगा उसे यह कार्य सौंप दिया जाएगा। निगम के द्वारा जो 14 करोड रुपए के खर्च का आकलन किया गया है वह मूलभूत स्थिति को देखते हुए किया गया है। इन अधिकारियों का कहना है जब निजी क्षेत्र को हम काम सौप रहे होते हैं तो इस तरह का आकलन आवश्यक हो जाता है। कोई जरूरी नहीं है कि निजी क्षेत्र के द्वारा इस राशि से ज्यादा राशि ही रखी जाए। पूर्व के अनुभव ऐसे भी रहे हैं जब निजी क्षेत्र के ठेकेदार के द्वारा निगम के आकलन से कम राशि का ऑफर निगम को दिया गया है।




























दास हनुमान बगीची में तीन दिनी महोत्सव में अन्नकूट भी

छप्पन भोग भी लगेंगे, 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की सम्भावना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बिजासन रोड और पंचकुइया रोड के बीच प्राचीन श्री दास हनुमान बगीची में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन 9 से 11 नवंबर तक होंगे। 9 नवम्बर को हवन और केसर के जल से बजरंगबली का महाभिषेक होगा। मंदिर में विशेष श्रृंगार भी होगा और प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। दीपावली के बाद पुरानी अन्नकूट परंपरा का बड़ा आयोजन 10 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। भगवान को छप्पन भोग लगाए जाएंगे।



महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन होगा। 50 हजार श्रद्धालुओं के अन्नकूट प्रसादी में मौजूद रहने की सम्भावना है। पहली बार तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन 11 नवम्बर को तीन दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होगी। श्री दास हनुमान बगीची धार्मिक न्यासिक ट्रस्ट के बैनरतले यह आयोजन होगा। कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि 50 हजार श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी बनेगी, 2500 लोग एक साथ भोजन, करेंगे, एक हजार से ज्यादा भक्त व्यवस्थाएं संभालेंगे। शुद्ध घी से नुक्ती दीपावली की रात से ही बनना शुरू होगी। 1 हजार भक्तों को भोजन व्यवस्था, भोजन निर्माण, वितरण और धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। आयोजन से भीम राठौर, कल्लू राठौर और दीपक गुप्ता विमल पाणिग्रही भी जुडे हुए है।

रामस्नेही संत के सान्निध्य में आज दीपावली महोत्सव



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रामस्नेही संत रामदयाल महाराज के सान्निध्य में आज शाम 5.30 बजे से छावनी रामद्वारा सत्संग समिति के तत्वावधान में छावनी रामद्वारा में दीपावली महोत्सव आयोजित किया जाएगा। संत की मौजूदगी से श्रद्धालुओं में उत्साह है। दीप माला महोत्सव का आयोजन भी होगा। 18 साल बाद संत इन्दौर में दीपावली मना रहे है। आज छप्पन भोग, संध्या आरती, भजन, सत्संग एवं आचार्य श्री के प्रवचन होंगे। सतीश कचोलिया, मुकेश कचोलिया ने उक्त जानकारी दी।

मुक्तिधाम पर बनेगी आज शाम रंगोली

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था 'आनंद गोष्ठी' द्वारा आज शाम 5.30 बजे से जूनी इन्दौर मुक्तिधाम पर रंगोली बनाई जाएगी। श्मशान घाट के मुख्यद्वार पर पुरखों के नाम दीपक लगाए जाएंगे। दीपक लगाने वाले अपनी त्रुटियों का प्रायश्चित व क्षमायाचना भी करेंगे।

कपड़ा मार्केट में गादी पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धनतेरस पर वर्षोपुरानी परम्परा के अनुसार सुबह कपड़ा मार्केट में गादी पूजन किया गया। शाम को प्रत्येक दुकानों पर तीलसोद (समई) लगाई गई। इस अवसर पर अरुण बाकलीवाल, गिरीश काबरा, जगदीश फतेहचंदानी, धीरज कुंडल, वासुदेव मोटलानी एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।



लाल और सफेद जैन मंदिर में आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पीपली बाजार स्थित अर्बुद गिरीराज जैन उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाज़ार में लाल एवं सफेद मंदिर, आयंबिल खाता एवं भोजनशाला के कर्मचारियों को मिठाई एवं बोनस का वितरण कर दीपावली मनाई। शेखर गेलडा,पारसमल बोहरा, सुरेन्द्र छाजेड, सुधीर सेठिया, राजकुमार सुराणा, मनीष ककरेचा, विनय सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे।





11 हजार दीपों से जगमगाया मठ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर रामचरणदास महाराज और पवनदास महाराज के सानिध्य में कल 11 हजार दीपों से सजावट की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कल धनतेरस पर दीपोत्सव को निहारा।



फतेहचंदानी ने किया रक्तदान कहा सेवा ही बड़ा धर्म और धन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा और सिंधी समाज से जुड़े नमो नमो शंकरा परिवार के पंकज फतेहचंदानी ने कल जरूरतमंद के लिए रक्तदान किया और कहा कि धनतेरस पर हमने सोना-चांदी नहीं खरीदा, बल्कि किसी अपने के जीवन में उम्मीद की रोशनी जगाई है। शंकरा परिवार के ही एक सदस्य को यह रक्तदान किया। कहा सेवा ही बड़ा धर्म और धन है क्योंकि असली खुशी खरीदने में नहीं, किसी के काम आने में है।



बस्तियों के 200 बच्चों को उपहार वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज इंदौर के तत्वावधान में चल रहे सार्थक दीपावली अभियान के तहत ग्राम पालदा-मुंडला नायता स्थित वरुण विक्ट्री परिसर में अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों के 200 से अधिक बच्चों को खिलौने, मिठाई एवं आतिशबाजी की किट का वितरण किया गया। किशोर गोयल, अरविन्द बागड़ी सहित अन्य मौजूद थे।

महालक्ष्मी माता का विशेष श्रृंगार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। धनतेरस पर उषानगर एक्सटेंशन स्थित महालक्ष्मी मंदिर में 'लक्ष्मी माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में विद्युत साज सज्जा की गई। मंदिर परिसर में रांगोली बनायी गयी। श्रद्धालुओं ने देर रात तक मां के दर्शन किए।



संस्था अग्रमंच ने शुरू किया दीपो उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्र मंच की दीपिका आशीष गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन प्रतिमा पर संस्था द्वारा इस वर्ष भी दीपावली पर पांच दिनों तक दीपोत्सव की शुरूआत कल धनतेरस से की गई। प्रतिमा स्थल को पुष्प एवं विद्युत सज्जा से श्रृंगारित किया गया है। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की। समाजजन भी मौजूद रहे।



कल से चार दिनों तक चलेगी माँ काली की पूजा

बंगाली समाज करेगा आयोजन, कल निकलेगा चल समारोह



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बंगाली समाज सराफा द्वारा श्री सार्वजनिक माँ काली पूजा का आयोजन कल 8 नवम्बर रविवार दिवाली से 11 नवम्बर चार दिनों तक किया जाएगा। चार दिनों में चल समारोह पूजा-पाठ सहित अन्य आयोजन होंगे। कल दीपावली के दिन शाम 4 बजे पल्हर नगर चौराहा से वृन्दावन गार्डन बड़ा गणपति के पास, पीलिया खाल तक चल समारोह निकाला जायेगा। समिति के विजय माजी ने बताया कि चल समारोह के बाद श्री काली माँ का आगमन गार्डन में होगा, जहां रोजाना पूजा-पाठ के आयोजन होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। माँ की रोजाना पूजा-आराधना होगी। शाम को भी रोजाना आरती होगी। 11 नवम्बर को विसर्जन समारोह सुबह 10.30 बजे से होगा। सिंदूर दान का आयोजन किया जाएगा और कार्यक्रम का समापन होगा।

ढाई हजार जैन अनुष्ठान आराधकों ने किया घंटाकर्ण मंत्र का जाप

महासती का रहा सानिध्य और मिला सार्थक प्रवचन, देश भर से आए श्रद्धालु

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बिजासन रोड स्थित नृसिंह वाटिका में महासती डॉ. कुमुदलता महाराज और ठाणा-4 के सानिध्य में चातुर्मास आयोजित हो रहा है। दीपक जैन टीनू ने बताया कि आज घंटाकर्ण अनुष्ठान का बड़ा आयोजन हुआ। आज सुबह से अनुष्ठान में देश भर से आए जैन समाज के ढाई हजार श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से इस अनुष्ठान में शिरकत की। सामूहिक रूप से घंटाकर्ण मंत्र का जाप कर विश्व शांति, रोग मुक्ति और आत्मबल की कामना की। कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, समाजसेवी विनोद





राजकुमार जैन, हेमन्त बाहरा, टी.सी. जैन, आशीष मांडोत, अतुल दर्शना, प्रवीण दुग्गड़, दिनेश छाजेड़, नरेश कांकरिया, अंकित छाजेड़, विकास कोठारी, रश्मि जैन उपस्थित रहे। गौतम प्रसादी की व्यवस्था अनिता कांतिलाल जैन, अमित दर्शना जैन, अतुल राधिका जैन, पोलखोल ग्रुप द्वारा रखी गई। महासती डॉ. कुमुदलता महाराज ने भगवान महावीर स्वामी और घंटाकर्ण मंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में दीपक जैन टीनू, अचल चौधरी, डीपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, मंडलीक, समरथमल कोठारी, हंस कुमार जैन, सुनील जैन, गजेंद्र बोडाना, राजेन्द्र चोरड़िया, अभय झेलावत, अतुल कोठारी, सुमति छजलानी, हनुमान पोरवाल, महावीर नाबरिया,दिलीप लोढ़ा लीड्स,ललित संचेती, रितेश कटकानी, स्वप्निल संचेती, गर्वित बोड़ाना, रोहित जेलमी, हनी चोरड़िया, प्रवीण रूनवाल, पुष्पा डागरिया, रेणु जैन, शशि बोथरा, रमेश भंडारी सहित अन्य मौजूद थे।

दिन का चौघड़िया

समय प्रातः 6 बजे से	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
6 से 7:30 तक	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
7:30 से 9 तक	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
9 से 10:30 तक	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
10:30 से 12 तक	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
12 से 1:30 तक	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
1:30 से 3 तक	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
3 से 4:30 तक	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
4:30 से 6 तक	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात का चौघड़िया

समय सायं 6 बजे से	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
6 से 7:30 तक	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
7:30 से 9 तक	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
9 से 10:30 तक	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
10:30 से 12 तक	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
12 से 1:30 तक	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
1:30 से 3 तक	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
3 से 4:30 तक	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
4:30 से 6 तक	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ





उमाशंकर बिहानी

॥ शुभ दीपावली ॥
MULTANI
JEWELLERS



SUNIL KAPOOR
Shakkar Bazar, Opp. of Jain Mandir, Indore
Tel. 2431664, 5054664, Mo.: 9826062525

दैनिक दोपहर सिटी ब्लास्ट परिवार की ओर से दीपोत्सव की शुभकामनाएं

SHRI KASERA BAZAR VIDYA NIKETAN
INDORE
शुभ दीपावली
श्री कसेरा बाजार
विद्या निकेतन
(सी.बी.एस.ई.)
नर्सरी से 12वीं तक
स्कीम 71, गुमाश्ता नगर, इंदौर



सर्वोदय बाल विनय मंदिर
शुभ दीपावली
सर्वोदय
बाल विनय मंदिर
नर्सरी से आठवीं तक
4, सदर बाजार, इंदौर (म.प्र.) फो. 0731-2420365



अन्नपूर्णा मंदिर में 10 लाख रुपये से श्रृंगार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल धनतेरस पर अन्नपूर्णा मंदिर में विराजित तीनों देवियों और मंदिर का कड़क नोटों से श्रृंगार किया गया। 10 लाख रुपये के नोटों से यह श्रृंगार हुआ। स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि ने बताया कि गत 4 दिनों से मंदिर से जुड़े श्रद्धालु यहाँ 10, 20, 100, 200 और 500 के नोटों से तीनों देवियों एवं मंदिर के गर्भगृह का श्रृंगार कर रहे थे। जैसे ही शाम को मंदिर के करेंसी नोटों से सजे श्रृंगार का दर्शन खोला गया, भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। न्यासी विनोद अग्रवाल, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया सहित अन्य ने महाआरती में भाग भी लिया।

कलेक्टर ने किया बछड़े को दुलार



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कलेक्टर शिवम वर्मा महू तहसील के ग्राम आशापुरा पहुंचे। यहां उन्होंने गौशाला में गोवर्धन पूजा पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और उन्होंने गौशाला के मासूम बछड़े को उठाया और उठाकर दुलार भी किया।



ई-कॉमर्स ग्रुप पहुंचा भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ई-कॉमर्स ग्रुप ने भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र पहुंचकर वहां मौजूद लोगों के साथ दीपावली उत्सव मनाया, पटाखे छुड़वाए गए, मिठाई वितरित की गई।

मालव मंथन का आरोग्य और पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन संदेश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था मालव मंथन ने दीपचंद गार्डी नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में पहुंचकर वहां औषधि पौधों का पूजन किया। हरित दीपावली के संकल्प के साथ आरोग्य, पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन का संदेश भी दिया।



गौसेवकों का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यशवंत सागर स्थित गोकुलम गौशाला पर धन्वन्तरि जयंती के उपलक्ष्य में पशु चिकित्सकों एवं गौसेवकों का सम्मान माँ पराम्बा गौभक्त मंडल द्वारा किया गया। नारायणसिंह लोधी, गोकुल चौधरी, नारायण गर्दे के सम्मान में योगेश होलानी, संजय होलकर, मनीष चौहान, दिनेश सेन, सिकन्दरी पटेल, अभिषेक पांडे, विवेक पांडे, शुभम बजरंगी, पवन पांडे, राम अवतार, भरत पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

बुजुर्गों से संवाद कर जाना कुशलक्षेभ



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मॉडर्न योगा क्लब परिवार द्वारा चाणक्यपुरी स्थित गोल्ड कॉइन सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्गो के लिए दीपावली पर्व के पूर्व संवाद आयोजन कर कुशलक्षेभ जाना। भजन-कीर्तन भी किए गए और क्लब ने सामग्री भी वितरित की। डॉ. शिवप्रकाशसिंह बघेल, असगर फिदवी, भूपेंद्रसिंह भाटिया, जगजीतसिंह खनूजा, वरिंदर सिंह खुराना, राजेश सुखेजा. घनश्याम भाग्यवानी मौजूद थे।

आयुर्वेद चिकित्सकों का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विद्याधाम मंदिर में कल भक्तों ने भगवान धनवंतरि का जन्मोत्सव मनाया। चिकित्सकों लोकेश जोशी, एपीएस चौहान, अखिलेश भार्गव, धर्मेंद्र शर्मा, अशोक उपाध्याय, डॉ. सुनील बांठिया, डॉ. रूपेश मोदी, डॉ. अदिती सिंघल, डॉ. आरआर सोलंकी, डॉ. सोमेश जोशी, डॉ. कपिल कोचर, डॉ. वल्लभ गुप्ता का सम्मान किया गया। यम दीपदान किया गया।



आर्किटेक्चर विद्यार्थियों ने दुबई–अबू धाबी में किया अध्ययन दौरा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आईपीएस एकेडमी, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, के 27 विद्यार्थियों ने दुबई एवं अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम में भाग लिया। दुबई की एनएसडी आर्किटेक्चरल कंसल्टेंट के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वैश्विक वास्तुकला, आधुनिक डिजाइन और शहरी नियोजन की बारीकियों को समझने का अवसर मिला। दौरा में प्राचार्य डॉ. मनीता सक्सेना, आर्किटेक्ट नीलम कुशवाह,. कामिनी बदनोर भी शामिल रहीं।

आश्रम में सामग्री का वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वाइब्रेंट इकोनामी संस्था द्वारा छावनी स्थित बाल विकास कल्याण विभाग आश्रम में सामग्री का वितरण किया गया। दिलीप राजपाल, संगीता शर्मा, सपना-मनोज शर्मा, पूनम वाजपेयी, डॉ. भावना दुबे, अब्दुल गफ्फार खान, अनोखीलाल, डॉ. मनीषा चेलावत, मीनाक्षी, किशन भालसे सहित अन्य मौजूद थे।



जैन संत ने दिया धर्म की उपयोगिता पर उद्बोधन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केसरी वाटिका बिजासन रोड पर चल रहे चातुर्मास के दौरान जैन संत विद्वद्रत्न विजय म.सा. ने उत्तराध्ययन सूत्र की महिमा एवं जीवन में धर्म की उपयोगिता विषय पर धर्मोपदेश प्रदान किया। राजेश जैन युवा ने बताया कि बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।



फेल ट्रांसफार्मर परिवहन को लेकर भी सैकड़ों किसानों की मदद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मप्र शासन के निर्देशानुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सिंचाई कार्य में लगे ट्रांसफार्मर के फेल होने पर उसके बिजली कार्यालय, भंडार गृह या ट्रांसफार्मर की लोकल रिपेयरिंग यूनिट (एलआरयू) तक लाने के लिए भी परिवहन राशि व अन्य राशि का भुगतान किया जा रहा है। इस सीजन में 542 किसानों को 5.13 लाख रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। योजना के तहत किसानों द्वारा अपने वाहन से खराब, बंद ट्रांसफार्मर के परिवहन पर 25 किमी तक 400 रूपए, 26 से 50 किमी तक 800 रूपए, अधिक दूरी तक परिवहन पर 800 रूपए एवं प्रति अतिरिक्त किमी आठ रूपए की परिवहन राशि एवं 200 रूपए अनुरक्षण व्यय प्रदान किया जा रहा है। यह राशि किसान के बैंक खाते में प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य किसानों के सिंचाई कार्य के ट्रांसफार्मर को जल्दी सुधारने का प्रयास एवं किसानों की मदद हैं।

168 गुम मोबाइल धारकों को सौंपे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पुलिस झोन 3 ने 168 गुम मोबाइल फोन को बरामद किया, यह फोन 58 लाख रु. से अधिक कीमत के हैं। मोबाइल गुम होने के बाद इनकी शिकायतें पुलिस को की गई थी, पुलिस ने तकनीकी सहायता के माध्यम से इंदौर के अलावा प्रदेश और अन्य राज्यों के शहरों से भी इन मोबाइलों को जब्त किया और उसके बाद वास्तविक फोन धारकों को इनके गुम फोन वापस किए। एक-एक धारकों को पुलिस अधिकारियों ने बारी-बारी से फोन वापस किए तो उनकी खुशी की चमक अलग ही दिखाई दे रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला।



सामूहिक गोवर्धन पूजा होगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जगन्नाथ नारायण धर्मशाला छावनी में दीपावली के दूसरे दिन सामूहिक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। गोबर से बने गोवर्धननाथ का सामूहिक पूजन धार्मिक रीति-रिवाज से किया जाएगा। पूजन के बाद महाआरती का आयोजन होगा। ट्रस्ट के ट्रस्टी और अन्य श्रद्धालुओं के अलावा मातृशक्तियां भी मौजूद रहेंगी।

संपादकीय

त्योहारों पर घर जाना भी हुआ महंगा, बसों से हवाई सफर तक किराए की मनमानी

दिवाली और छठ के मौके पर दिल्ली-एनसीआर से बिहार या उत्तर प्रदेश जाने वाले लोगों के सामने निजी बसों में पांच से छह गुना ज्यादा किराया चुकाने की नौबत आई और इस मनमानी को रोकने वाला कोई नहीं था। दीपावली और छठ जैसे पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि हजारों लोगों के अपने घर लौटने की सांस्कृतिक और भावनात्मक यात्रा भी हैं। मगर इस बार भी त्योहारी मौसम ने एक असहज सच्चाई उजागर की है। मांग बढ़ते ही परिवहन सेवाओं में किराया ऐसा उछलता है कि आम यात्रियों के सामने विकल्प खत्म हो जाते हैं। नतीजतन, लोग भीड़ वाली ट्रेनों में ठुंसकर यात्रा करने या बसों की छतों पर बैठने को मजबूर हो जाते हैं। वहीं ट्रेन में जगह न मिलने की स्थिति में जब लोग बस का सहारा लेने की कोशिश करते हैं, तो वहां भी उनकी मजबूरी का फायदा उठाने की कोशिश की जाती है। खबरों के मुताबिक, दिवाली और छठ के मौके पर दिल्ली-एनसीआर से बिहार या उत्तर प्रदेश जाने वाले लोगों के सामने निजी बसों में पांच से छह गुना ज्यादा किराया चुकाने की नौबत आई और इस मनमानी को रोकने वाला कोई नहीं था। दूसरी ओर, हाल ही में हवाई किराए में सात सौ गुना वृद्धि से उपजी परेशानी भी सुर्खियों में रही। सवाल समूची व्यवस्था का है, जिसमें मांग बढ़ते ही साधन नागरिक की पहुंच से दूर होने लगते हैं। स्थिति केवल बसों या विमानन क्षेत्र तक सीमित नहीं है। दिल्ली सहित अनेक शहरों में कैब सेवाओं के किराए भी त्योहारी दिनों में कई गुना बढ़ जाते हैं। इस स्थिति को भले ही नियमों के ढांचे के तहत बताया जाए, लेकिन जब लोगों के पास कोई दूसरा विकल्प न हो तो यह व्यवस्था आर्थिक बोझ बन जाती है। अस्पताल पहुंचने, ड्यूटी पर समय से जाने या किसी आपात स्थिति में यात्रा करने वाले के सामने अतिरिक्त भुगतान के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। बाजार की स्वतंत्रता और मांग-आपूर्ति का सिद्धांत अपनी जगह है, लेकिन सार्वजनिक परिवहन जैसी सेवाओं को केवल लाभ कमाने के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। सरकारों और नियामक संस्थाओं की जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करने की भी है कि विशेष परिस्थितियों में किराया वृद्धि की तार्किक और पारदर्शी सीमा रहे। लाखों लोग यात्रा के अधिकार और सामर्थ्य के बीच फंसते रहेंगे, तो यह केवल परिवहन व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि नीति-निर्माण की कमी भी मानी जाएगी। त्योहारी मौसम में नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक यात्रा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

ड्रेनेज के गंदे पानी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

एक-दूसरे पर टाइल्स और फर्शी से किया हमला

इंदौर। एमआईजी थाना क्षेत्र के छोटी खजरानी इलाके में घर के सामने से ड्रेनेज का पानी निकलने को लेकर उपजा विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसें और पत्थर चले। हालात यह हुए कि दोनों तरफ से टाइल्स और फर्शी से एक-दूसरे पर हमले किए गए, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना छोटी खजरानी में आटा चक्की के पास हुई। एक पक्ष से फरियादी मयंक पिता नरेंद्र महाजन, निवासी नादिया नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सहदेव, मोहन और सगा उसके दोस्त राहुल भाटी के घर के सामने से पानी बहने की बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। जब मयंक बीच-बचाव करने गया, तो आरोपियों ने उसे और उसके दोस्त को गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट करते हुए पास पड़ी टाइल्स उसके सिर में दे मारी। इस आधार पर पुलिस ने सहदेव, मोहन और सगा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष से मोहन पिता माणिकराव राहिंज ने शिकायत दर्ज कराई कि वे अपने घर के सामने निकल रहे ड्रेनेज के पानी को साफ कर रहे थे, तभी आरोपी राहुल भाटी, दिलीप सिंह भाटी और मयंक महाजन ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आए उनके भांजे सहदेव भसमोरे और उसकी पत्नी संगीता उर्फ अर्चना पर आरोपियों ने हमला कर दिया। इस दौरान पास पड़ी फर्शी उठाकर सहदेव और संगीता के सिर में मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस पक्ष की रिपोर्ट पर राहुल, दिलीप और मयंक के विरुद्ध भी केस दर्ज कर लिया है।

बाइक से गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। अवैध मादक पदार्थों के परिवहन और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कनाड़िया थाना पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को दबोचा, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा और परिवहन में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई कनाड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्नेहजीव गार्डन के पास की गई। पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों और असामाजिक तत्वों की चेकिंग कर रही थी, तभी एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 09 एयू 0648 पर सवार दो संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रोककर उनकी तलाशी ली, तो उनके पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुकेश भाबर निवासी ग्राम निंदवानिया, जिला धार और रोहित चौहान निवासी मानसरोवर कॉलोनी, देवगुराड़िया, इंदौर के रूप में हुई है।आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 6.087 किलोग्राम पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की गई। कनाड़िया पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब उनसे यह गहराई से पूछताछ कर रही है कि वे यह गांजा कहाँ से लेकर आए थे और इंदौर में इसे किस-किस को सप्लाई किया जाना था। इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

1.5 लाख की ब्राउन शुगर तस्करी मामले में बैकवर्ड ट्रेसिंग से फरार सप्लायर 'संजय दत्त' गिरफ्तार

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और सप्लाई नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। पूर्व में दर्ज ब्राउन शुगर तस्करी के एक मामले में पुलिस ने बैकवर्ड ट्रेसिंग के आधार पर लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य सप्लायर और सह-आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में भी अड़ीबाजी और लूट जैसे संगीन अपराधों में लिप्त रहा है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने पूर्व में राजकुमार सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर निरंजनपुर नई बस्ती निवासी मनोज उर्फ मन्नू वर्मा (25) को दबोचा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 1.5 लाख रुपये मूल्य की 15 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपी मनोज से जब कड़ाई से पूछताछ और नेटवर्क की बैकवर्ड ट्रेसिंग की गई, तो परत-दर-परत सच्चाई सामने आई। जांच में खुलासा हुआ कि मादक पदार्थ की सप्लाई में निरंजनपुर नई बस्ती निवासी विशाल उर्फ संजय दत्त बुंदेला (21) मुख्य भूमिका निभा रहा



था। घटना के बाद से ही आरोपी विशाल पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी विशाल को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कक्षा 9वीं तक पढ़ा है और विजयनगर स्थित विंध्येश्वरी ट्रेवल्स में काम करता है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ लसूड़िया और परदेशीपुरा थानों में अड़ीबाजी, मारपीट और लूट के गंभीर आपराधिक मामले पूर्व से दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने मामले में धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा करते हुए आरोपी विशाल को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से ब्राउन शुगर की मूल सप्लाई चेन, मुख्य नेटवर्क और अन्य साथियों के संबंध में सघन पूछताछ कर रही है।

विवेकानंद की प्रतिमा का लोकार्पण

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इन्दौर स्थित डेली कालेज में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में शामिल होने के लिए होसबोले इंदौर आए थे। इस बैठक के समापन के बाद से वे इंदौर में ही रुके हुए हैं। उनके द्वारा इसके बाद समाज के अलग-अलग वर्क के लोगों के साथ इंदौर में बैठक की गई है। अब आज स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण उस स्थिति में हुआ है जब प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के द्वारा इस तरह देवी कॉलेज के परिसर में प्रतिमा स्थापित करने का विरोध किया गया है। डेली कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के सदस्य प्रिय व्रत सिंह के द्वारा एक चिट्ठी लिखकर कहा गया है कि इस शिक्षण संस्थान के परिसर में इस तरह प्रतिमा की स्थापना करने की कोई परंपरा नहीं है। यहां पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा भी स्थापित करने की योजना है।



राजवाड़ा पर दुकान लगाने को लेकर आपस में भिड़ीं ननद- भाभी, दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज

इंदौर। सराफा थाना क्षेत्र के राजवाड़ा स्थित ट्रैफिक चौकी के पास दुकान की जगह को लेकर दो महिलाओं के बीच विवाद हो गया। दोनों रिश्ते में ननद और भाभी हैं, जिनके बीच ग्राहकों को रास्ता देने और दुकान लगाने की बात पर जमकर लात घूंसे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना राजवाड़ा स्थित ट्रैफिक चौकी के पास हुई, जहाँ दोनों महिलाएं अपनी-अपनी दुकानें संचालित कर रही थीं।एक पक्ष से फरियादी ऊषा चौधरी निवासी लोधा कॉलोनी, महू नाका ने पुलिस को बताया कि वे राजवाड़ा पर फोटो की दुकान लगाती हैं और पास ही उनकी भाभी अनिता जमदार निवासी नई महू की दीये की दुकान लगी हुई है। जब ऊषा ने अनिता से कहा कि थोड़ी सी जगह ग्राहकों को दुकान पर आने-जाने के लिए दे दो, तो इसी बात पर अनिता ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अनिता ने ऊषा के साथ हाथ-मुक्को से मारपीट की। इस शिकायत पर पुलिस ने अनिता जमदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष से अनिता जामदार ने अपनी ननद ऊषा चौधरी के खिलाफ क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कराई। अनिता का कहना था कि वे राजवाड़ा पर दीये की दुकान लगाती हैं और पास ही उनकी ननद ऊषा की फोटो की दुकान है। जब अनिता ने ऊषा से ग्राहकों के आने के लिए थोड़ी जगह छोड़ने को कहा, तो ऊषा ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। सराफा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

ऑटो चालक पर हुआ डंडा से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

पुरानी रंजिश में नया हुआ विवाद, कई जगह आई चोंटे

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित मालवीय मोहल्ला नायता मुंडला में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक ऑटो चालक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में चालक के सिर, मुंह, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित मनोज पिता नाथूलाल मालवीय पैसेंजर ऑटो चलाकर अपने घर लौटा था। तभी पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी आरोपी गोलू पिता बाबूलाल चौहान, शुभम पिता दारासिंह पांडे, मनोज पिता इंदरसिंह पांडे और आनंद पिता दारासिंह पांडे वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब मनोज ने गाली देने का विरोध किया, तो चारों ने उस पर डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में ऑटो चालक लहूलुहान हो गया। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।


फेस्टिव सीजन में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर हुई 1.29 लाख की साइबर ठगी, पुलिस ने राशि रिफंड कराई

इंदौर। क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार हुए एक आवेदक को बड़ी राहत पहुँचाई है। फेस्टिव सीजन के दौरान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर की गई 1 लाख 29 हजार रुपये की ठगी की राशि को पुलिस ने तकनीकी कार्रवाई करते हुए सफल तरीके से वापस दिला दिया है। शिकायतकर्ता राजकुमार (परिवर्तित नाम) ने एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उनके साथ 1.29 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने तत्परता दिखाते हुए महाराष्ट्र के संदिग्ध बैंक खातों में ट्रांजैक्शन को ट्रेस कर रकम को तुरंत फ्रीज कराया। इसके पश्चात न्यायालय के वैधानिक आदेश के माध्यम से पूरी राशि 1 लाख 29 हजार रुपये आवेदक के खाते में सफलतापूर्वक रिफंड करवा दी गई।

ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की परेशानी, दिवाली से पहले नहीं आ रहे ऑर्डर

कई एप दिवाली से पहले भेज रही फॉस्ट डिलेवरी,कुछ दिवाली बाद

इंदौर। दिवाली के लिए ऑनलाइन एप के जरिए शॉपिंग करने वाले ज्यादातर लोगों को जबरदस्त खरीदी के चलते समय पर अपने खरीदे प्रोडक्ट की डिलेवरी नहीं मिल पा रही है। जिनमें फ्लिपकार्ड, मीशो, ऐमजॉन, ब्लिंकेट जैसी कई ऐप में से सबसे फॉस्ट डिलेवरी फ्लिपकार्ड द्वारा की जा रही है। जबकि एमजॉन मीशो जैसी कई ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों को 8 से 10 दिन से पहले डिलीवरी नहीं मिल पा रही है। यही नहीं कई लोगों द्वारा दिवाली से काफी दिन पहले कपड़े सहित अन्य सामान ऑर्डर करने के बावजूद जबरदस्त खरीदी के चलते समय पर डिलीवरी नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों में निराशा है।



ऑनलाइन शॉपिंग की बजाय मार्केट में जाकर खरीदने वालों का फायदा– ऑनलाइन शॉपिंग की बजाय बाजार में भीड़ भाड़ में जाकर खरीदी करने वालों का समय जरूर लग रहा है लेकिन उनका फायदा है क्योंकि वह अपनी पसंद के कपड़े और जूते सहित अन्य जरूरत का सामान हाथों-हाथ खरीद पा रहे हैं। जबकि ऑनलाइन एक के जरिए शॉपिंग करने वाले लोगों को लगातार ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण डिलीवरी मिलने में देरी हो रही है। जिसके कारण कई लोगों को दिवाली से पहले अपना खरीद प्रोडक्ट नहीं आने पर इंतजार करना पड़ रहा है। यही नहीं कई लोग ऑर्डर कैंसिल भी करवा रहे हैं और बाजार में जाकर दोबारा खरीदी भी कर रहे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले रितेश चौधरी ने बताया फ्लिपकार्ट से हफ्तेभर पहले ऑनलाइन जूते और कपड़ों का आर्डर किया था। जूते तो आ गए लेकिन कपड़ों का इंतजार करना पड़ रहा है। इधर बबलू शर्मा ने बताया दीपावली पर सजावट और अन्य जरूरत के समान मीशो एप से मंगवाएं थे जो देरी से आए। वहीं कुछ प्रोडक्ट की तो अभी तक डिलेवरी नहीं हुई।

पुलिस जवानों के लिए बड़ी खुशखबरी

दिवाली बाद मिलेगी 150 से ज्यादा कांस्टेबलों को आधुनिक क्वार्टर निर्माण की सौगात

इंदौर। मध्यप्रदेश पुलिस विभाग हाउसिंग बोर्ड द्वारा इंदौर के पुलिसकर्मियों के लिए दिवाली बाद एक बड़ी राहत भरी और खुश खबरी देने की तैयारी है। जिसके अंतर्गत लगभग 150 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के लिए इंदौर में द्रविड नगर क्षेत्र में नए आधुनिक सुविधाओं वाले आवास भवन निर्माण की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन (एमपी पुलिस हाउसिंग बोर्ड) इंदौर के द्रविड़ नगर में 38 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से 64 और 96 टोटल 160 नए आधुनिक सुविधाओं वाले पुलिस क्वार्टर का निर्माण करने जा रहा है।



करोड़ों लागत वाली योजना का लंबे समय से मांग करने वालों को मिलेगा लाभ- खास बात यह है कि करोड़ों लागत वाली योजना का लाभ लंबे समय से विभाग से नए आवास की मांग करने वाले पुलिस जवानों के परिवारों को मिलेगा। वहीं इन नए क्वार्टरों को आधुनिक जीवन स्तर और सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा, जिससे पुलिस परिवारों को बेहतर आवास मिल सके।

आवास समस्या का समाधान : इंदौर जैसे बड़े शहर में पुलिस बल के लिए आवास की भारी कमी रही है। ऐसे में द्रविड़ नगर में बनने वाले इन 160 नए मकानों से इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

ड्यूटी में आसानी : शहर के एक प्रमुख और सुलभ क्षेत्र (द्रविड़ नगर) में आवास होने से पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों में ड्यूटी पर पहुंचने में आसानी होगी। इसका फायदा उन पुलिस कर्मियों को दिया जाएगा जिन पात्र पुलिस जवानों के द्वारा लंबे समय से विभाग में नए आवास की आवश्यकता के लिए आवेदन किए गए थे।

शासन की मंजूरी के बाद अब शुरू होगा काम- अब शासन की मंजूरी मिलने के बाद एमपी पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा आने वाले दिनों में बेहद जल्द अन्नपूर्णा मंदिर क्षेत्र में द्रविड़ नगर में नए आधुनिक सुविधाओं वाले क्वार्टर निर्माण की तैयारी शुरू की जाएगी। जिसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित प्रक्रिया एकदम अंतिम दौर में चल रही है।

योजना 172 में पीपीपी मोड पर कन्वेशन कम एक्जीबिशन सेंटर बनाने की तैयारी

इंदौर। आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) अपनी स्कीम 172 योजना पर खाली पड़ी जमीन पर भव्य रूप में कमर्शियल यूज के लिए 11 हेक्टेयर जमीन पर पीपीपी मोड पर कन्वेशन कम एग्जिबिशन सेंटर बनाने की तैयारी कर रहा है।



इसके लिए बकायदा आईडीए अफसरों ने अपनी ओर से निविदा भी जारी कर दी है। जिसके तहत 11 हेक्टेयर लंबे-चौड़े हिस्से में करोड़ों की लागत से कमर्शियल उपयोग के लिए कन्वेंशन सेंटर कम एग्जिबिशन सेंटर का भव्य रूप में निर्माण होगा। जिसको लेकर शुरुआती विभागीय तैयारी शुरू हो गई है। अगले माह टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द जमीनी काम भी नजर आएगा।

आसपास की सड़कों का भी होगा निर्माण- खास बात यह है कि इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा नवीन एग्जिबिशन कम कन्वेंशन सेंटर निर्माण से पहले इस क्षेत्र के आसपास की सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा ताकि कमर्शियल उपयोग के हिसाब से बड़े उद्योगपतियों और लोगों की आवाजाही बढ़ने पर सड़कों का जाल पहले से बिछने से लोगों को आने जाने में दिक्कत नहीं आएगी।

डीएवीवी से पीएचडी नहीं पड़ेगी भारी, तीन साल में हो जाएगी पूरी

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी(डीएवीवी) से पीएचडी अब भारी नहीं पड़ेगी। अब लम्बा समय मतलब चार या पांच नहीं बल्कि तीन या साढ़े तीन साल में पूरी हो जाएगी। फिलहाल छात्र आवेदन कर सकेंगे। खाली सीटों की जानकारी दी जा चुकी है। अगले माह डीईटी और नॉन डीईटी की प्रक्रिया अंतिम दौर में रहेगी।

डीईटी में 79 और नॉन डीईटी में 467 सीटें हैं।

अब क्या होगा?- विभागों को पीएचडी के सभी 35 से ज्यादा विषयों के कोर्स वर्क की क्लासेस समय पर शुरू करना होगी। 31 मार्च तक सभी विषयों का कोर्स वर्क पूरा करवाना होगा। यूनिवर्सिटी अब पीएचडी की समय-सीमा चार या पांच वर्ष या कई बार उससे भी अधिक होने की भी मॉनिटरिंग करेगी ताकि समय-सीमा घटाई जा सके। यूजीसी के अनुसार तीन साल का समय एक शोधार्थी के लिए पर्याप्त होता है, लेकिन डीएवीवी से पीएचडी कर रहे शोधार्थियों को न्यूनतम चार से 5-6 साल तक लग रहे हैं। इसकी तुलना में निजी यूनिवर्सिटी तीन साल में पीएचडी करवा रही है।

यूजी-पीजी की तरह लगेंगी कोर्स वर्क की क्लासेस- डीएवीवी ने तय किया है कि न केवल कोर्स वर्क, बल्कि उसके बाद भी एक-एक शोधार्थी की मॉनिटरिंग की जाए। फिलहाल नॉन डीईटी और डीईटी प्रक्रिया में शामिल विषयों के शोधार्थियों का कोर्स वर्क 31 मार्च तक पूरा करवाना होगा।

फिर सेमेस्टर एग्जाम होगी- फिर अप्रैल तक सेमेस्टर एग्जाम होगी। तय समय पर ही परिणाम जारी करना होगा। इसके बाद शोधार्थी आगे की प्रक्रिया यानी थीसिस से जुड़े कार्य कर सकेंगे। डीएवीवी ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि कोर्स वर्क की क्लासेस यूजी-पीजी कोर्स की क्लासेस की तरह ही लगाई जाएं। कैलेंडर का पूरा पालन नहीं होने पर कार्रवाई भी होगी।

नेट की अनिवार्यता व देरी सहित कई वजह- पिछले कुछ साल में डीएवीवी से पीएचडी करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 40 फीसदी तक रह गई है। इसके तीन बड़े कारणों में पीएचडी के लिए नेट की



अनिवार्यता तो है ही, डिग्री हासिल करने में हो रही देरी भी एक वजह है। एक कारण यह भी है कि कई मामलों में पीएचडी स्कॉलर व गाइड के बीच समन्वय नहीं है। ऐसी कई शिकायतें डीएवीवी को मिल रही हैं। ऐसे में अब पीएचडी में बड़े सुधार को लेकर यूनिवर्सिटी प्लानिंग कर रही है।

डेडलाइन का पालन व अन्य बिंदुओं पर सुधार जरूरी- शिक्षाविद् कहते हैं कि पीएचडी की पूरी प्रक्रिया में डेडलाइन का पालन व बाकी बिंदुओं पर सुधार जरूरी है। अन्यथा रिसर्च के मामले में डीएवीवी की स्थिति कमजोर होती जाएगी। वैसे भी पीएचडी के लिए नेट की अनिवार्यता का नियम लागू होने के बाद से 30 फीसदी से ज्यादा अभ्यर्थी निजी यूनिवर्सिटी में शिफ्ट हो गए हैं। डीएवीवी से पीएचडी के लिए 27 सब्जेक्ट में नेट अनिवार्य है। सिर्फ इंजीनियरिंग से जुड़े 13 विषयों में नेट नहीं होती है। देशभर में होने वाली परीक्षाओं में नेट सबसे कठिन मानी जाती है, इसलिए बहुत कम संख्या में अभ्यर्थी नेट क्वालिफाई कर पा रहे हैं। यही वजह है कि डीएवीवी की मैनेजमेंट, कॉमर्स सहित कई सब्जेक्ट की 30 से 40 फीसदी पीएचडी सीटें भी नहीं भर पा रही हैं।

यह भी हुआ- नॉन डीईटी में 451 सीटें खाली रह गईं थी। नॉन डीईटी पीएचडी एडमिशन प्रक्रिया के लिए आरएसी (रिसर्च एडवाइजरी कमेटी) के इंटरव्यू से पहले जो फाइनल आंकड़ा जारी किया गया था, वह चौंकाने वाला रहा। नॉन डीईटी में 25 से ज्यादा विषयों की 601 सीटों में से 451 खाली रह गई थी। कुल 234 गाइड हैं और नेट क्वालिफाई कुल 550 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन ये आवेदन कुछ ही सब्जेक्ट तक सीमित होने के कारण इस बार रिकॉर्ड सीटें खाली रह गईं।

कार्यालय, कलेक्टर जिला शिक्षा केन्द्र (समग्र शिक्षा अभियान) जिला आलीराजपुर म.प्र.

कक्ष क्र. 201,202,203 द्वितीय तल कलेक्ट्रेट परिसर, जिला आलीराजपुर dpoali@gmail.com

क्र./1835/ जिशिके/अका./2026 — आलीराजपुर, दिनांक 03./11/2026

//विज्ञप्ति//

राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के पत्र क्रं./334/2026/राशिके/मूल्यांकन/निविदा दिनांक 22/09/2026 एवं पत्र क्रं.249 दिनांक 25/09/2026 में दिये गये निर्देशानुसार जिलें में मूल्यांकन संबंधी विभिन्न गोपनीय सामग्री का मुद्रण कार्य कराया जाना है। मुद्रण कार्य हेतु इच्छुक फर्म से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते तथा अन्य विस्तृत जानकारी एवं निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग-इन करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1000/- तथा सुरक्षा निधि राशि रु. 24738/- रहेगी। निविदा के संबंध में विवरण निम्नानुसार है:-

क्रं.	विवरण	दिनांक एवं समय
1.	निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि	05/11/2026 Time : 9 : 00 AM
2.	निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	18/11/2026 Time : 3 : 00 PM
3.	निविदा फार्म ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	18/11/2026 Time : 5 : 00 PM
4.	तकनिकी निविदा खोलने की तिथि	19/11/2026 Time : 2 :00 PM
5.	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि	20/11/2026 Time : 2 : 00 PM

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित।)
जी-21178/26

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र आलीराजपुर (म.प्र.)

धिनिधि ने यूथ ओलंपिक में दो पदक जीत रचा इतिहास



नई दिल्ली। भारत की युवा तैराक धिनिधि देसिंघु ने यूथ ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक और कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। उन्होंने शुक्रवार को लड़कियों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही 16 वर्षीय धिनिधि ने इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा पदक हासिल किया। इससे पहले धिनिधि ने लड़कियों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था। इस तरह उन्होंने यूथ ओलंपिक में दो व्यक्तिगत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस वैश्विक युवा खेल आयोजन में व्यक्तिगत स्पर्धाओं में एक से अधिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

धिनिधि ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल के फाइनल में 2 मिनट 2.28 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की एम चांग ने 1 मिनट 59.59 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि क्रोएशिया की एना बोबानोविच ने 2 मिनट 1.17 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया। खास बात यह है कि 200 मीटर फ्रीस्टाइल धिनिधि की मुख्य स्पर्धा है। ऐसे में उन्होंने अपनी पसंदीदा स्पर्धा में भी पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। दो कांस्य पदकों के साथ धिनिधि ने भारतीय तैराकी के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

5 दिसंबर को नहीं होंगे हॉकी इंडिया के चुनाव, ओडिशा हाईकोर्ट ने लगाई रोक

भुवनेश्वर। ओडिशा हाईकोर्ट ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया के चुनाव पर रोक लगा दी। ये चुनाव 5 दिसंबर को होने वाले थे। अदालत ने हॉकी इंडिया की ओर से हॉकी ओडिशा को जारी कारण बताओ नोटिस पर भी रोक लगा दी है। इस नोटिस में राज्य संघ को स्थायी सदस्य से सहयोगी सदस्य बनाने का प्रस्ताव दिया गया था।

जस्टिस आरके पटनायक की एकल पीठ ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश दिया। याचिका में हॉकी इंडिया की 6 अक्तूबर को हुई 120वीं कार्यकारी समिति की बैठक के कार्यवृत्त और 7 अक्टूबर को जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी गई थी। हॉकी ओडिशा ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि कारण बताओ नोटिस कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है,

इंदौर में खेलेंगे वैभव सूर्यवंशी मिली बिहार की कप्तानी

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। महज 15 साल की उम्र में यह युवा बल्लेबाज पहली बार बिहार की सीनियर क्रिकेट टीम की कप्तानी करेगा। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने इंदौर में होने वाले आगामी सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए वैभव को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वहीं, सूरज कश्यप को उपकप्तान बनाया गया है।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने शुक्रवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने पर बीसीए अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि वैभव ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और परिपक्वता का परिचय दिया है। कप्तानी की जिम्मेदारी उन्हें एक खिलाड़ी के साथ-साथ नेतृत्वकर्ता के रूप में भी आगे बढ़ने का अवसर देगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वैभव की अगुवाई में बिहार की टीम आगामी टूर्नामेंट में अनुशासित और प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन करेगी।

वैभव सूर्यवंशी का क्रिकेट करियर पिछले कुछ समय में तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने 2026 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में 175 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। इसके बाद आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव ने 776 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा और वह टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मिली। जुलाई में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में डेब्यू कर वह भारत के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने।

आईपीएल की इन टीमों को चाहिए कप्तान, तीन है बड़े दावेदार

नई दिल्ली। आईपीएल 2027 सीजन से पहले ट्रेड मार्केट में जबर्दस्त हलचल देखने को मिल रही है। आईपीएल द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के मुताबिक चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चार खिलाड़ियों की बड़ी अदला-बदली हुई है। इस ट्रेड डील में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियम लिविंगस्टोन और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जैक एडवर्ड्स अब चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी में नजर आएंगे जबकि भारतीय तेज गेंदबाज खलील अहमद और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज नाथन एलिस सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा बन गए हैं।

कप्तानी में भी देखने को मिलेगा फेरबदल

खिलाड़ियों के इस फेरबदल के साथ-साथ कई फ्रेंचाइजियों में कप्तानी के मोर्चे पर भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स को 2026 सीजन में संभालने वाले ऋषभ पंत अब दिल्ली कैपिटल्स में लौट चुके हैं वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स से अजिंक्य रहाणे रिटायर हो चुके हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस में भी संशय के बादल मंडरा रहे हैं क्योंकि पिछले दो सीजन से टीम की कप्तानी कर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के फ्रेंचाइजी में बने रहने पर सस्पेंस बना हुआ है।

फाफ डु प्लेसिस ने बताया कप्तानों के नाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने एक बातचीत के दौरान बड़ा दावा करते हुए कहा है कि आगामी 2027 सीजन में लखनऊ, कोलकाता और मुंबई की टीमें नए कप्तानों के साथ मैदान पर उतर सकती हैं। डु प्लेसिस के अनुसार, लखनऊ सुपर जायंट्स की कमान एडेन मार्कम या मिचेल मार्श संभाल सकते हैं। वहीं अगर हार्दिक पंड्या केकेआर में शामिल होते हैं तो वे या फिर रिंकू सिंह कोलकाता की कप्तानी के प्रबल दावेदार होंगे। मुंबई इंडियंस की बात करें तो रोहित शर्मा या जसप्रीत बुमराह को दोबारा कप्तानी सौंपी जा सकती है।

कई टीमों को कप्तान की जरूरत

कप्तानी में बदलाव की यह सुगबुगाहट टीमों के पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद देखने को मिल रही है। लखनऊ की टीम पिछले दो लगातार सीजन में 7वें स्थान पर रही है और अब तक अपने पहले खिताब की तलाश में है। दूसरी तरफ, तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स भी पिछले दो सीजन में प्लेऑफ तक पहुंचने में नाकाम रही। मुंबई इंडियंस का हाल भी कुछ खास नहीं रहा और 2026 के सीजन में 10 टीमों की तालिका में वे 9वें स्थान पर खिसक गए थे जिसके चलते मैनेजमेंट नए सिरे से रणनीति बनाने पर मजबूर दिख रहा है।

पंजाब में शामिल होंगे हार्दिक?

इस बीच ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को अपनी टीम में शामिल करने की रेस में पंजाब किंग्स सबसे आगे निकलती दिखाई दे रही है। 17 नवंबर की रिटेंशन डेडलाइन से ठीक पहले मुंबई इंडियंस के साथ ट्रेड डील को अंजाम देने के लिए पंजाब की टीम काफी आक्रामक रवैया अपना रही है। हालांकि रेस में कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स भी शामिल थीं, लेकिन पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मौखिक सहमति बनती दिख रही है और जल्द ही कागजी कार्रवाई शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कविता 24 घंटे से कम में किलिमंजारो फतह करने वाली पहली भारतीय

नई दिल्ली। भारतीय पर्वतारोही कविता चंद ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर नया भारतीय रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने महज 22 घंटे 36 मिनट में चोटी पर चढ़ाई करने और वापस शुरुआती स्थान तक पहुंचने का सफर पूरा किया। इसके साथ ही वह 24 घंटे से कम समय में किलिमंजारो का राउंड ट्रिप पूरा करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। उन्होंने 12 घंटे 46 मिनट में 5895 मीटर ऊंची उहुरू पीक पर पहुंचकर एक और शानदार उपलब्धि हासिल की। कविता ने यह चुनौती मवेका गेट-उहुरू पीक-मवेका गेट रूट के जरिए पूरी की। आमतौर पर किलिमंजारो की चढ़ाई और वापसी में पांच से नौ दिन का समय लगता है। इसकी वजह अधिक ऊंचाई पर शरीर को वातावरण के अनुकूल बनाने (एक्लिमेटाइजेशन) की जरूरत होती है। ऐसे में कविता की यह उपलब्धि उनकी शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति और कठिन तैयारी को दर्शाती है।

किलिमंजारो पर स्पीड क्लाइंबिंग के लिए कविता ने कई महीनों तक तैयारी की थी। उनकी तैयारी में शिकागो मैराथन भी शामिल थी, जो 11 अक्टूबर को आयोजित हुई थी। इसके लिए उन्होंने तीन महीने तक हर सप्ताह करीब 70 से 90 किलोमीटर दौड़ लगाई और सप्ताह में तीन दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की। इस मैराथन में वह सबसे तेज भारतीय महिला धावकों में तीसरे स्थान पर रहीं। शिकागो मैराथन के तुरंत बाद कविता नेपाल पहुंचीं, जहां उन्होंने 7126 मीटर ऊंचे हिमलुंग हिमाल पर चढ़ाई के अभियान में हिस्सा लिया।

महेश की उम्दा गेंदबाजी से मिली जीत



इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं एस. एस. कम्यून के मध्य मैच खेला गया जिसमें एस. एस. कम्यून ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 69.2 ओवरो में सभी विकेट खोकर 227 रन बनाए, जिसमें कुशाग्र नागर ने शानदार शतक लगाते हुए 120 रनों का योगदान दिया, वही संजय लुणावत फाउण्डेशन की ओर से महेष डामोर ने 4 विकेट लिए । जवाब में संजय लुणावत फाउण्डेषन की टीम ने अपनी पहली पारी में 83.5 ओवरो में सभी विकेट खोकर 272 रन बनाकर 45 रनों की महत्वपूर्ण बढत ली, संजय लुणावत फाउण्डेषन की ओर से अवि पाल ने सर्वाधिक 92 रनों का योगदान दिया । वही एस. एस. कम्यून की ओर से आशीष माटा ने 4 विकेट लिए । एस. एस. कम्यून ने अपनी दूसरी पारी में 33 ओवरों में 8 विकेट खोकर 103 रन बनाए जिसमें आशीष माटा ने सर्वाधिक 46 रनों का योगदान दिया वही संजय लुणावत फाउण्डेशन की ओर से निहार लवटे ने 5 एवं महेश डामोर ने 3 विकेट लिए । संजय लुणावत फाउण्डेशन ने पहली पारी की बढत के आधार पर मैच अपने नाम किया ।

सीसीआई की रोमांचक जीत– एक अन्य मैच में सीसीआई एवं जय गिरनारी के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआई ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 42.4 ओवरो में सभी विकेट खोकर 177 रन बनाए, काषिफ खान ने सर्वाधिक 53 रनों का योगदान दिया, वही जय गिरनारी की ओर से विवेक गौर ने 6 विकेट लिए । जवाब में जय गिरनारी की टीम ने अपनी पहली पारी में 46 ओवरो में सभी विकेट खोकर 218 रन बनाए और 41 रनों की महत्वपूर्ण बढत ली, जय गिरनारी की ओर से शिखर गंगराडे ने सर्वाधिक 86 रनों का योगदान दिया । वही सीसीआई की ओर से अभिषेक धाकड ने 4 विकेट लिए । सीसीआई ने अपनी दूसरी पारी में 40.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर 168 रन बनाए जिसमें आर्यन चंदेल ने सर्वाधिक 52 रनों का योगदान दिया वही जय गिरनारी की ओर से विवेक गौर व रिषिकेश राठौर ने 3-3 विकेट लिए । जय गिरनारी ने अपनी दूसरी पारी में 23 ओवरो में 70 रन पर सिमट गई, सीसीआई की ओर से अभिषेक धाकड ने 4 विकेट लिये । सीसीआई ने पहली पारी की बढत के आधार पर मैच अपने नाम किया।

जानलेवा हमले का आरोपी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

बिचौली हप्सी रोड पर पुलिस ने दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कनाड़िया पुलिस ने बिचौली हप्सी रोड पर संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 12 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी पूर्व में हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में भी शामिल रहा है।



पुलिस के अनुसार, कनाड़िया थाना पुलिस की टीम बिचौली हप्सी रोड स्थित हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में संदिग्धों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गश्त के दौरान पीले रंग की टी-शर्ट पहने और लंबे बालों वाले एक युवक की संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। पुलिस ने तुरंत उसे रोककर पूछताछ की और तलाशी ली, तो उसके पास से 12 बोर का अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान दीप उर्फ दीपराज पिता रामेश्वर खेड़े निवासी अरावली परिसर, भूरी टेकरी के रूप में बताई। पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि आरोपी के खिलाफ कनाड़िया थाने में पूर्व से ही मारपीट और हत्या के प्रयास के दो गंभीर मामले दर्ज हैं, और दोनों प्रकरणों में वह विचाराधीन है। थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। समय रहते आरोपी को पकड़ लिए जाने से एक संभावित बड़ी वारदात टल गई है। कनाड़िया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और अब उससे पूछताछ की जा रही है कि वह यह अवैध हथियार कहाँ से लेकर आया था तथा इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। हथियार के सप्लाई नेटवर्क की भी गहराई से छानबीन की जा रही है।




अवैध रूप से पटाखा बेचते युवक धराया

सार्वजनिक स्थल पर बिना लाइसेंस कर रहा था बिक्री 30 हजार का विस्फोटक बरामद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।





शहर में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री और पटाखों की बिक्री करने वालों के खिलाफ एरोड्रम थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने 60 फीट रोड पर बिना किसी वैध लाइसेंस के अस्थाई दुकान लगाकर पटाखे बेच रहे एक आरोपी को दबोच लिया, जिसके कब्जे से लगभग 30 हजार रुपये मूल्य की आतिशबाजी जब्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक, एरोड्रम थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि 60 फीट रोड चौराहे के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से पटाखे बेच रहा है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम जब एम.पी. पब्लिक स्कूल के पास 60 फीट रोड पर पहुँची, तो सड़क किनारे अस्थाई दुकान लगाकर पटाखे बेचे जा रहे थे। मौजूद व्यक्ति से जब पूछताछ की गई, तो उसने अपनी पहचान अंकुश कोलते पिता सुरेन्द्र कोलते निवासी विकास नगर, छोटा बांगड़दा रोड,के रूप में बताई। दुकानदार से जब पटाखों के भंडारण और बिक्री से संबंधित वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र मांगे गए, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। सार्वजनिक स्थान पर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का विक्रय करना विस्फोटक अधिनियम के तहत दण्डनीय होने पर पुलिस ने लगभग 30,000/- कीमत के अवैध पटाखे जब्त कर लिए। एरोड्रम थाने में आरोपी अंकुश कोलते के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में ले लिया गया है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

ब्लैकमेलिंग से त्रस्त युवती ने दी जान

मौत के बाद एक आरोपी ने पुलिस कार्रवाई के डर से खा लिया जहर वह भी हुआ गंभीर, दो सहकर्मियों पर हुआ प्रकरण दर्ज, एक हिरासत में तो दूसरा अस्पताल में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

मल्हारगंज थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले युवती के आत्महत्या मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासे के बाद दो सहकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी मृतका की मां को लगातार आपत्तिजनक संदेश, फोटो और अनर्गल बातें भेजकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि पुलिस कार्रवाई के डर से दूसरे आरोपी ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, तिरुमला कॉलोनी निवासी मृतका अंजलि पिता अतुल (22) एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करती थी। बीते बुधवार की रात उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुँचे थे, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि युवती की मौत के पहले और बाद में भी विनय वर्मा निवासी बड़ी ग्वालटोली नामक युवक के लगातार फोन आ रहे थे। पुलिस ने जब मोबाइल रिकॉर्ड और कॉल डिटेल्स खंगाली, तो दूसरे आरोपी पवन पाटिल निवासी स्कीम न. 51 की संलिप्तता भी उजागर हुई। एसीपी अशोक जादौन के मुताबिक आरोपी विनय और पवन दोनों मृतका के साथ ही फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। ये दोनों युवती को अलग-अलग तरीके से ब्लैकमेल कर रहे थे और उसकी मां को लगातार फोटो, चैट के स्क्रीनशॉट और अनर्गल बातें भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इसी निरंतर उत्पीड़न से तंग आकर युवती ने यह खौफनाक कदम उठाया। अंजलि के सुसाइड के बाद भी दोनों आरोपी बेखौफ होकर फोन करते रहे। मोबाइल जांच में मिले पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विनय को हिरासत में ले लिया है।पुलिस शिकंजा कसता देख दूसरा आरोपी पवन पाटिल घबरा गया। पुलिस कार्रवाई के डर से उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों और पुलिस ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका इलाज जारी है।

पड़ोसियों के विवाद में महिला को भी पीट दिया

ओटला छोटा करने की बात पर हुआ था विवाद, परिवार भी आया चपेट में, चार पर प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र के आलोक नगर में ओटले के निर्माण को लेकर पड़ोसियों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद मारपीट में बदल गया। ओटले के कारण गाड़ी खड़ी न होने की शिकायत करने पर आरोपियों ने महिला, उसके पति और बेटे को लात-घूंसों से पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना आलोक नगर गली नंबर 8 के सामने की है। मामले की शिकायत उर्मिला पति संजय माकोड़े ने दर्ज कराई है। फरियादी महिला ने पड़ोसी महेंद्र वर्मा से कहा था कि उसके ओटले की वजह से वाहन खड़ा करने में परेशानी होती है, इसलिए इसे थोड़ा छोटा कर ले। इसी बात पर आरोपी महेंद्र गाली-गलौज करने लगा। जब महिला के पति और बेटे ने बीच-बचाव करते हुए समझाने का प्रयास किया, तो महेंद्र ने अपने भाई सुधीर वर्मा तथा दो अन्य परिचितों आकाश और अरविंद उपाध्याय को बुला लिया। चारों ने मिलकर पीड़ित परिवार के साथ जमकर मारपीट की, जिससे महिला की गर्दन व गले पर चोटें आईं।

घर में हो रहा था अवैध रिफिलिंग का कामकाज

पुलिस का छापा, दो गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मल्हारगंज थाना क्षेत्र में रिहाइशी मकान के भीतर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने वाले नेटवर्क का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गोल मंदिर के पास एक मकान पर दबिश देकर घरेलू और कमर्शियल गैस टंकियों का अवैध भंडारण जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई रामगंज जिंसी क्षेत्र में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मकान में अवैध रूप से गैस सिलेंडर एकत्र कर उनसे दूसरी टंकियों में रिफिलिंग करके ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। मौके पर दबिश देकर पुलिस ने आरोपी आदर्श उर्फ भय्यू निवासी रामगंज जिंसी और तनिष्क भावसार निवासी ग्राम गंधर्वपुरी, सोनकच्छ को पकड़ा। मल्हारगंज थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में अपराध दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com